"That a Supplementary sum not exceeding Rs. 26,20,000 be granted to the President to defray the charges which will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 1972, in rerpect of 'Payment towards Amortisation of Over Capitalisation, Repayment of Loans from General Revenues and Interest thereon—Revenue Reserve Fund'."

श्री चन्द्रशेखर सिंह (जहानाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, रेलवे हमारे देश में सबसे बड़ा औद्योगिक संस्थान है, परन्तु इसकी दशा अत्यंत खराब है। नीचे से ऊपर तक भ्रष्टाचार फैला हुआ है। हमारी छोटी लाइन की दशा तो और भी खराब है। सरकार ने देश में समाजवादी अर्थ-व्यवस्था कायम करने का नारा दिया है। परन्तु रेलवे में चलने वाली जो आम जनता है वह तीसरे दर्जे में आम तौर पर चला करती है। उसके लिए कोई सही व्यवस्था नहीं है। गाड़ी के अभाव में वह गाड़ी की छतों पर चला करती है। सरकार को चाहिए कि वह पहले साधारण जनता के लिए गाड़ियों का निर्माण अधिक करे। बजाय इसके आज मनोनुकूलित गाड़िया चलाई जाती हैं जिनमें साधारण जनता सफर नहीं करती। यह बात समझ में नहीं आती कि एयर कंडिशन्ड गाड़ियों में कौन लोग सफर करते हैं। जिनके पास पैसा है वे लोग तो हवाई जहाज से चले जाते हैं। एयर कंडिशन्ड गाड़ियों में लोग कम सफर करते हैं और उन पर खर्च भी अधिक पड़ता है।

पैसेंजरों को गाड़ियों में जो भोजन दिया जाता है वह भी बहुत खराब होता है। लोको शेडों में आम तौर पर चोरियां होती हैं जिनमें बड़े अफसरों का हाथ अधिक होता है। इसी सदन में रेलवे मंत्री महोदय ने ऐलान किया था और आश्वासन दिया था कि जो कर्मचारी चोरियों का पता लगायेंगे उनको प्रोत्साहन दिया जायेगा। लेकिन देखा यह जाता है कि जो कर्मचारी रेलवे चोरियों का पता बतलाते हैं उनको सजायें मिलती है। नार्थ ईस्टर्न रेलवे के बनारस डिवीजन में चार कर्मचारियों को इस आधार पर ट्रांसफर कर दिया गया कि उन्होंने दूसरे कर्मचारियों की चोरियों को पकड़ाया था। बरौनी और गरहारा में लगभग चार सौ कर्मचारियों को नौकरियों से हटा दिया गया है क्योंकि उन्होंने हड़ताल की थी। हालांकि सरकार ने उनकी मांगों को उचित माना है फिर भी अभी तक उनको वापिस नौकरी पर नहीं लिया गया है।

15 hrs.

मैं यह भी चाहता हू कि माल गाड़ियों की उचित व्यवस्था की जाए तथा उनकी संख्या को बढ़ाया जाए क्योंकि आजकल व्यापारियों को एक जगह से दूसरी जगह माल ले जाने में महीनों लग जाते हैं। वैगन न मिलने के कारण उनका माल पड़ा रह जाता है। साथ ही वैगन के एलाटमेंट में जो धांधली होती है उसको भी देखा जाए।

आज से एक वर्ष पहले जनवरी में 3-2-71 से 10-2-71 तक हड़ताल रही। उसमें करीब 72 हजार रेलवे कर्मचारियों ने भाग लिया। लेकिन प्रशासन ने पिक और चूज की नीति

अपना कर 11 रेलवे कर्मचारियों को अभी तक भी मुअत्तल कर रखा है। उनको अभी तक काम पर वापिस नहीं लिया गया है। माननीय रेल मन्त्री जी ने यह साफ आश्वासन दिया था कि सभी को वापिस ले लिया जाएगा। इस सम्बन्ध में श्री रामावतार शास्त्री, श्री चन्द्रिका प्रसाद, श्री भोगेन्द्र झा, श्री एस० एम० बनर्जी से भी उनकी बातें हुई थी। मैं चाहता हूं कि मन्त्री महोदय इसका भी स्पष्टीकरण करें। इसके साथ-साथ बरौनी, गरहरा, इलाहाबाद कटिहार और दिल्ली डिविजन के मुअत्तल कर्मचारियों को भी काम पर अभी तक वापिस नहीं लिया गया है। उनको भी वापिस काम पर लिया जाना चाहिये।

आज रेलवे में काफी भ्रष्टाचार है और इसके लिए मैं समझता हूं कि रेलवे कर्मचारी उतने दोषी नहीं हैं जितने कि रेलवे के अफसर दोषी हैं। मैं खास तौर पर मंत्री महोदय का ध्यान धनबाद और दानापुर डिवीजनों की ओर दिलाना चाहता हूँ जो पूर्व रेलवे में है। वहां श्री एम० पी० श्रीवास्तव जो डी० ओ० एस० टी० हैं, आज खुले आम स्थानीय भ्रष्ट लोगों से मिल कर वैगन एलाटमेंट, ट्रांसफर आफ स्टाफ इत्यादि में पैसा ले रहे हैं। इसको आम लोग जानते हैं। उनके खिलाफ बहुत से प्रतिवेदन भी दिये गये हैं लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया। मैं जानना चाहता हूँ क्या यह सही नहीं है कि श्री गुप्ता जो दानापुर के इंजीनियर हैं, उन्होंने खुले आम ठेकेदारों से मिलकर अपने भ्रष्टाचार का कारोबार खोल रखा है?

MR. DEPUTY-SPEAKER; I did not want to interrupt you. May I draw your attention that on Supplementary Demands you should confine your remarks to the items mentioned in the Supplementary Demands?

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): It comes under "Working Expenses."

MR. DEPUTY-SPEAKER: If you stretch on like that, then everything can be brought in. That is not the intention of the Supplementary Demands. The debate on the Railway Budget will be coming very soon. Why bring in all these personal details that this officer has done this or that officer has done that? How can you bring in all that here? Kindly confine your remarks to the items mentioned in the Supplementary Demands.

**श्री चन्द्रशेखर सिंह**: मेरा रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए अगर सचमुच वह कटिबद्ध हैं तो इन दो आफिसरों को हटाकर दूसरी रेलवे में तुरन्त भेजें। साथ ही दोषी साबित होने पर लोगों को कड़ी सजा देने की व्यवस्था करे। तभी साधारण रेल मजदूर भ्रष्टाचार दूर करने में आगे आ सकेंगे।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि बिहार में पटना-गया लाइन एवं गया-क्यूल लाइन में गाड़ियां कभी भी नियत समय पर नहीं चलती हैं। उसकी हालत भी ठीक नहीं रहती है। बत्ती का तो पूरा अभाव ही रहता है। वक्त पर गाड़ी न मिलने के कारण भी बहुत कठिनाई होती है। मैं चाहता हूँ कि यहां गाडियों को समय पर चलाने की व्यवस्था की जाए।

मैं यह भी समझता हूं कि यदि राजगीर से सीधे मानपुर तक एक लाइन बना दी जाए तो देश विदेश से आने वाले लोगो को बोध गया एवं राजगीर जाने में सुविधा हो सकती है। यह स्थान धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्व का है और इसका इंटरनेशनल इम्पार्टेन्स है। इसके साथ ही क्यूल एवं गया के बीच एक एक्सप्रैस गाड़ी की व्यवस्था भी की जानी चाहिए ताकि लोग अधिक दूरी कम समय में तय कर सकें।

धनबाद डिविजन में एक यार्ड मास्टर श्री बक्शी जो गोमों में हैं और उसके क्लर्क को घूस लेते हुए सी०बी०आई० के द्वारा पकड़ लिया गया था और उसे कुछ दिन मुअत्तल भी रखा गया था। लेकिन श्री एम० पी० श्रीवास्तव डी० ओ० एस० टी० धनबाद से उसे फिर पैरवी करा कर ड्यूटी पर लगवा दिया। अभी तक उसके केस जांच के अन्दर हैं। ऐसे भ्रष्ट लोगों को तो रेलवे से हटाया जाना न कि उनको दुबारा

[श्री चन्द्र शेखर सिंह]

काम मे लिया जाता । इस केस की अगर जाच पडताल की जाती तो मेरे खयाल मे अच्छा होता । धनबाद डिवीजन मे भ्रष्टाचार आज चरम सीमा पर पहुच गया है । इसकी वजह से जो हमारा सबसे बडा उद्योग रेलवे उद्योग है, वह सकट मे पड गया है । इसके सम्बन्ध मे बाद मे मैं पूरा विवरण आपके सामने रख सकूगा ।

रेलवे मे मैकेनिकल विभाग मे डीजल मैकेनिकल सुपरवाइजरो की सीधे बहाली की जाती है और स्टीम साइड के मैकेनिकल स्टाफ की उपेक्षा की जाती है जबकि वे काम को काफी अच्छी तरह से कर सकते है । इस तरह से उनको प्रमोशन न देकर उनके हितो पर आघात किया जाता है । यहा तक कि जूनियर डीजल सुपरवाइजरी स्टाफ को भी प्रोमोशन देकर स्टीम साइड के सीनियर स्टाफ के साथ बेइसाफी की जाती है । रेलवे बोर्ड ने पूरा आश्वासन दिया था कि ऐसा नही होगा । लेकिन इस आश्वासन पर अमल नही किया गया है । अब भी रेलवे प्रशासन लोको शैडो मे इसे नही मानता है । धनमारी से काम लिया जाता है ताकि भ्रष्ट कारोबार चलता रह सके । मेरा रेल मत्री जी से अनुरोध है कि इस सबकी जाच पडताल की जाए और जो अनियमितायें हो रही है, उनको तुरन्त बन्द किया जाए ।

अब मैं बिहार मे रेलवे लाइन डालने के बारे मे कुछ निवेदन करना चाहता हू । उत्तर बिहार को दक्षिण बिहार से मिलाने के लिए एक नई रेलवे लाइन जो फिरगी से राची गया होते हुए जाए, डाली जानी चाहिए । इसके बारे मे मैं पहले भी अर्ज कर चुका हूँ ।

MR DEPUTY-SPEAKER The hon Member may send all those things to the Minister, in writing

श्री चन्द्रशेखर सिंह मैं आशा करता हू कि जो बातें मैंने आपके सामने रखी हैं उनको देखा जाएगा और जहा-जहा सुधार करने की आवश्यकता है, वहा-वहां सुधार कर दिये जायेंगे । मैं यह भी आशा करता हूँ कि हनुमन्तैया जी ने जो जो आश्वासन दिये है, उनको भी पूरा किया जायगा । जो आश्वासन दिये गये है अगर उस हिसाब से चला जायेगा तो हम समझते है कि भ्रष्टाचार को मिटाया जा सकेगा ।

SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI (Bhubaneswar) Hon Deputy-Speaker, Sir, I just have taken the floor only to bring to the notice of the hon Minister certain specific points

I have been for some time an admirer of the little efficiency of the Railway Board, but, of late I find it is most unfortunate, I do not know whether some metamorphosis has taken over the Railway Board—that lethargy and a kind of attitude which is completely anti-employees in outlook has taken over the authorities of the Board

I would only like to bring to the notice of the hon Minister two or three points which I have been pursuing for the last six months after the cyclone that overtook Orissa.

There were certain areas which were affected by cyclone last year and almost all the railway employees were affected by this cyclone Before cyclone there were floods in those areas and it was so kind of the Railway Minister and the Ministry that they gave a first advance to the Railway employees so far as floods were concerned Now, when the cyclone came—it was not that the Railway employees wanted it to come, it was a natural calamity—there were stipulations by the Finance Ministry that once an employee got the first advance, he could not get the second advance unless the first one was cleared But it was so kind of the Finance Ministry and the Railway Minister also who pursued this with the Finance Ministry that this stipulation was waived because that was a special natural calamity and it was decided so far as Bihar, Assam and Orissa were concerned, that to all the employees who were affected by floods or cyclone, an additional amount of 50% will be given as second advance because that stipulation was waived by the Finance Ministry and the Railway Minister also agreed and in fact, a letter was drafted

to that effect that they would get the second advance. But, most unfortunately, somehow or other—who intervened, I do not know, but, I am quite sure, the Chairman of the Railway Board, Mr. Baliga, I want to name him—after he took over, he had intervened in the matter and he had bungled the whole affair. You will be surprised to know that the letter was drafted and it was to be sent to me, that the first advance that the railway employees have taken and the second advance that will be made, will be compounded together and the recovery will start on this compounded sum. It was applied to Bihar and the same thing will apply to Orissa. Somehow, three months have passed, three circulars have gone, each circular amending the earlier one, but the Railway employees in Orissa affected by the cyclone, have not yet received their second advance. So, I appeal to the hon. Railway Minister because of the bungling of the Railway Board Chairman that he should at least now intervene in the matter and the Railway employees in the South Eastern Railway should get this facility. I will pursue this again and again till justice is done.

Now, I come to the question of staff welfare. It is most unfortunate The railway employees have all along demanded that there must be a Health Home for the Railway employees in Puri. You know, Puri is a health resort. Everybody knows it and perhaps all the railway officers go there for a change of climate. I do not know why the authorities are not agreeing to set up a Health Home at Puri for the welfare of the Railway employees. This is a genuine request and I appeal to the Railway Minister that a Health Home should be set up at Puri for the benefit of the railway employees.

With regard to the subsidised railway hostel at Cuttack after many years of efforts we got this hostel Year by year the demand is increasing for seats in this railway hostel at Cuttack. Everytime we come to the Ministry, they say, 'We are going to increase the seats in the Railway subsidised hostel at Cuttack' because the demand has increased and the railway employees' children want to stay there. It was sanctioned also that they will have more accommodation. I do not know why it has not been done. I hope this will also be looked into.

What I say now is just a little outside the scope, but I want to take only a few minutes. For the last several years I have been requesting the hon. Railway Minister about this. The capital city of Orissa is expanding in both directions,—from one side to cuttack and the other side to Khurdah. There was only one station at Bhubaneswar which was remodelled only in 1964 when Pandit Nehru went there to address the All India National Congress Conference. As the population of the city has increased now to 1 25 lakhs, the city needs two passenger halts, one at Shahidnagar and the other near Lingaraj temple side for the convenience of the passengers. The third passenger halt may be set up at Dhaulimuhan I request the hon. Minister to throw some light on my suggestions.

Lastly, I want to say something about the pensionary charges. There is additional provision of Rs. 150.49 lakhs for meeting the increased expenditure to be paid to staff who retire from railway service under retirement benefit scheme. It is a good scheme and I welcome this, but I learnt from some of the railway employees that if this date could be advanced a little then, many of the employees will take benefit of this scheme. So, I request the hon. Minister to consider this suggestion so that some of them may take advantage of the scheme. It is a good scheme and many of the employees may be able to take advantage of it. That is why I am making this humble suggestion. I request the hon Minister to throw some light on these points. Thank you.

श्री मोहम्मद इस्माइल (बैरकपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सप्लीमेंटरी डिमांड्स और एक्सेस ग्रांट्स दोनों के बारे में बोलना चाहता हूं। जहां तक सप्लीमेंटरी डिमांड्स का सवाल है मैं वर्किंग एक्सपेंसेज—एडमिनिस्ट्रेशन वर्किंग एक्सपेंसेज—रिपेयर्ज एंड मेनटेनेन्स, जिसके लिए दस करोड़ रुपया रखे गये हैं, और वर्किंग एक्सपेंसेज—स्टाफ वैलफेयर के बारे में कुछ बातें कहना चाहता हूं।

रेलवे का एडमिनिस्ट्रेशन बहुत टाप-हैवी है और वह हर साल बढ़ता जा रहा है। जहां एक फोरमैन था, वहां तीन चार हो गये हैं। इसी तरह हर एक डिपार्टमेंट टाप-हैवी होता जा रहा है। इस तरह एम्प्लायीज पर एक बड़ा बोझा लादा जा रहा है। रेलवे बोर्ड पर जो

[श्री शिवनाथ सिंह]

कि टाप-हैवी एडमिनिस्ट्रेशन कायम करने का एक यन्त्र है, करोड़ो रुपये खर्च होते है। वह टाप-हैवी एडमिनिस्ट्रेशन रेलों के स्मूथ रनिंग और एफिशेंट रनिंग के मार्ग मे बाधा और रुकावट बन गया है। हम आसानी से यह करोड़ो रुपये का खर्च कम कर सकते है। मंत्री महोदय को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

दूसरी तरफ यह है कि हमारी रेलवेज मे 13 करोड़ रुपये का डेमरेज हर साल देना पड़ता है। यह भी एफिशेंसी का नमूना है। टाप हैवी ऐडमिनिस्ट्रेशन होने के बाद यह हाल है। बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स आप ने रखे है, हर जगह से रिटायर्ड एक्सपर्ट्स ले लेकर रखे गये हैं, पुलिस के भी रिटायर्ड एक्सपर्ट रखे गये है कि ये तो सी०आई०डी० के एक्सपर्ट है यह पता लगा सकेंगे। लेकिन इसके बावजूद 13 करोड़ रुपये हर साल जाते हैं और बिलकुल क्लीन चले जाते हैं। इतना तो लीगली जाता है और इतना ही इल्लीगली जाता है। 13 करोड़ रुपये का हिसाब तो यहां आता है और इतना ही रुपया दूसरी तरफ से चला जाता है। और यह ऐडमिनिस्ट्रेशन टाप हैवी जो पड़ा है जिसमें बड़े बड़े बिजिलेंस के एक्सपर्ट्स रखे गये है वह ऐसा बिजिलेंस करते हैं कि दो तरफ से यह रुपया जाता हैं। आज तक उसका कोई हिसाब नहीं है। बहुत दफ़ा हम सुनते है, कमेटी बैठी है, एन्क्वायरी हो रही है, तरह-तरह की बातें की जाती है लेकिन यह चीज आज तक रोकी नहीं जा सकी। इसकी जिम्मेदारी आप की है।

अभी-अभी मन्त्री महोदय ने कहा कि अभी जो पाकिस्तान ने हमला किया और हमारी जो पाकिस्तान के साथ लड़ाई हुई उसमें रेलवे के एम्प्लाईज ने बड़ी मदद की। ऐसी मदद की कि मन्त्री महोदय को यहां उसके बारे में बोलना पड़ा और उन्होंने उनकी यहां तारीफ की। लेकिन एक तरफ तो वह उनकी यह तारीफ करते हैं और दूसरी तरफ उन्होंने बरौनी, टाटानगर, धनबाद, सिलीगुडी, इत्यादि में सैकड़ों एम्प्लाईज को निकाल दिया, सस्पेंड किया, इसलिये कि वह अपनी जस्ट डिमांड को ले कर गये थे। वही मन्त्री जी आज उनकी यहां तारीफ कर रहे हैं तो मैं तो घबड़ा गया कि कैसे उनके मुंह से उनकी इतनी तारीफ निकल रही है। एक तरफ तो सैकड़ों आदमियों को निकाल दिया, बरौनी का जिक्र आपके सामने है, 400 आदमियों को सस्पेंड किया, उनकी सर्विस ब्रेक की, बाद में नौकरी से निकाल दिया और दूसरी तरफ वही उनकी यहां तारीफ भी करते हैं। तो तारीफ करने से पहले यह तो आप के कारनामे हैं। मैं चाहूंगा कि इसके ऊपर आप ध्यान दें। जब एक तरफ तारीफ करते है तो जो सर्विस उनकी ब्रेक हुई है और जिनको काम से निकाला गया है, उनके ऊपर विचार होना चाहिये। इसका जवाब मैं आपसे चाहता हूं कि आप इसका क्या रिटर्न देना चाहते है?

इसके बाद हम देखते हैं कि आमदनी बढ़ाने के लिये फ्रेट बढ़ाया गया है। जहां अधिक पैसे खर्च होते है उस खर्च को घटा कर यह काम करने के बदले 5 परसेंट फ्रेट लगेज वगैरह पर बढ़ा दिया गया है। तो इतना बड़ा ऐडमिनिस्ट्रेशन आप रखे हैं, रेलवे बोर्ड इतना बड़ा रखे हैं, इसके बाद भी इतनी चोरी जो होती है इसको न बन्द करके आपको क्या अधिकार है इस किस्म से जनता के ऊपर टैक्स लगाने का? जो भी फ्रेट आपने बढ़ाया है उसका मतलब है कि वह चीज और ज्यादा दामों पर बिकेगी। अगर चार रुपये उनके ऊपर बढ़ेगा तो वह दस रुपये आम जनता से वसूल करेंगे। प्लास्टिक की चीजें और बड़ी-बड़ी चीजें आपने यह कह कर ली हैं कि वह जगह ज्यादा घेरती हैं। लेकिन आपके जो कारनामे हैं, आपने रेलवे की आमदनी को बचाने के लिये क्या किया है? मन्त्री महोदय

ने कहा कि टिकट-लेस ट्रैवेलिंग जो होती है उसको चेक करने के लिये उन्होंने स्टेट्स से सहयोग मांगा और उसमें हरयाणा से उनको कोआपरेशन मिला, और जगह नहीं मिला। तो आज यह अवस्था आ गई कि रेलवे ऐडमिनिस्ट्रेशन यह काम नहीं कर सकता, आर० पी० एफ० वगैरह कुछ नहीं कर सकती, आज मन्त्री जी को खुद जा कर इसके लिए कोशिश करनी पड़ती है। तो कितना नीचे उतर गया है ऐडमिनिस्ट्रेशन ? आज इतना बेकार हो गया है यह ऐडमिनिस्ट्रेशन कि वह इन तमाम चीजों को नही रोक सकता है और टिकटलेस ट्रैवेलिंग चलती है। यह चीज आप को देखनी है।

इसके बाद कैजुअल वर्कर्स का जहां तक सवाल है आपको मालूम होना चाहिए कि लाखों की तादाद में कैजुअल वर्कर्स हैं जो दो-दो तीन-तीन चार-चार वर्षों से काम कर रहे हैं। परमानेंट नेचर की जाब्स के ऊपर उनको टेम्पोरेरी रखा गया है और अनफेयर लेबर प्रैक्टिस खुलेआम रेलवे में चल रही है। आपकी कोई स्पष्ट नीति नहीं है। मेरा कहना यह है कि आप कोई पालिसी इसके लिये निर्धारित करें। जो 240 दिन का कानून इनके लिए है उसका पालन किया जाय, 240 दिन के बाद इनको परमानेंट किया जाय। आपको क्या अधिकार है इस तरह से दो-दो तीन-तीन वर्ष तक उनको कैजुअल रखें ? क्या इसी से गरीबी हटेगी ? क्या अधिकार है आपको कि कहीं आप 2 रुपया दें, कहीं ढाई रुपया दें, कहीं तीन रुपया दें ? हर जोन में उनकी डिफरेंट वेजेज हैं और अभी तक कोई यूनिफार्म पालिसी उनके वेजेज के बारे में नहीं है। जोन्स को कह दिया जाता है कि तुम 3 रुपये में पाओ, तीन में रखो, ढाई में पाओ ढाई में रखो, दो में पाओ दो में रखो। कोई यूनिफार्म पालिसी नहीं है। मेरा यह कहना है कि आप के ऊपर आज इसकी जिम्मेदारी है। आप आज गरीबी हटाओ की टोपी पहन कर निकले हैं। देखना है कि कितना इसका पालन आप करेंगे ? मेरा यही कहना है कि कम से कम 240 दिन का जो नियम है उसका पालन होना चाहिये। इनसे काम कराएं तो 240 दिन के बाद उन को परमानेंट करें। अब आप क्लीन मेजारिटी का दावा कर रहे हैं। अब यह नहीं है कि आप यह कह सकें कि आप लोग बाधा डालते हैं। अब क्लीन डंडा मिला है, मोटे-मोटे सेठों की पीठ पर चलाइए और गरीबों को बचाइए। यही हमें देखना है, कहां तक आप करते हैं।

स्टाफ वेलफेयर फंड का जहां तक ताल्लुक है अभी जो माननीय सदस्य उधर से बोले हैं वह ठीक ही बोले हैं। रेलवे में स्टाफ वेलफेयर फंड नाम से फंड कायम है। पुरी के बारे में उन्होंने बताया। मैं कहना चाहता हूं पुरी, रांची और बहुत सी जगहें हैं जहां सैनेटोरियम उनके लिये होना चाहिये। दूसरे देशों में मैंने देखा है, रेलवे के अपने सैनेटोरियम हैं जहां पर वह जाकर रेस्ट लेते हैं और रहते हैं। आपने वेलफेयर स्टाफ फंड बनाया जरूर है, फ्रेजेज हैं, स्लोगन्स हैं, नारे हैं, लेकिन काम नहीं है। अगर काम होता तो आज आपकी पार्टी के लोग क्यों यह बोलते कि पुरी में उनके लिए एक सैनेटोरियम बनाइए और मुलाजिमों के लिये क्वाटर बनाइये। अब आप के ऊपर जिम्मेदारी है, देखना है कहां-कहां यह चीजें आप करते हैं।

मैं ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहता हूं। इन्हीं के ऊपर जोर देकर कहना चाहता हूं कि एक तरफ तो आपने तारीफ की दूसरी तरफ आपने सैकड़ों को निकाल दिया। क्या वह एम्प्लाईज नहीं थे ? बरौनी का उदाहरण अगर लें तो वहां पर किस का कुसूर है ? वहां पर जो कम्पेन्सेटरी एलाउंस था वह किस ने नहीं दिया ? दूसरी जो सेंट्रल गवर्नमेंट कंसर्न्स हैं वहां पर यह मिला, लेकिन रेलवे ने नहीं दिया। यह गलती किसकी है ? आपके ऐडमिनिस्ट्रेशन की है। उसके लिए उन्होंने प्रोटेस्ट किया तो फैसला भी हुआ कि हां, यह होगा, वह काम पर चले जाय और इसके लिये कोई सजा भी नहीं होगी। वह काम पर चले गये, लेकिन

[श्री शिवनाथ सिंह]

उसके बाद भी नहीं किया। उनकी पैट्रिआटिज्म की आज आपने तारीफ की। वह तो उनकी डयटी है। क्या जब पिछली लडाई पाकिस्तान के साथ हुई थी तब उन्होंने पैट्रिआटिज्म नहीं दिखाई थी? उनकी तो यह डयटी है, उनका पैट्रिआटिज्म यही है। वह उसके लिए किसी इम्तहान में नहीं पास होते हैं, जिस वक्त संकट आता है उसी वक्त उनकी पैट्रिआटिज्म दिखती है। लेकिन जब उन्होंने काम में पैट्रिआटिज्म दिखाया तो 4 ,0 आदमियों को निकाल दिया। यह गलत चीज है और वह शोभा नहीं देता है। अब तो आपको बिलकुल यह शोभा नहीं देता है। इसलिये आप इन तमाम बातों का उत्तर यहां पर दें। हम लोग जानना चाहते हैं और आशा करते हैं कि जो मैसिव मैन्डेट का जो आप दावा कर रहे हैं उस मैसिव मैन्डेट का हम देखेंगे कि आप इन एम्प्लाईज के लिए क्या करते हैं। इसका जवाब मन्त्री महोदय जरूर दें।

*SHRI R. P. ULAGANAMBI (Vellore): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I am greatful to you for giving me an opportunity to speak on Supplementery Demands for grants for the year 1971-72.

Under Supplementary Demand No. 3, a sum of Rs. 42 000 is being sought for payment as subsidy to owners of branch lines. In one particular case, for the year 197.-72 an amount of Rs. 75,000 is to be paid as subsidy to a company running a branch line. Out of this, Rs. 42,000 is being paid to make up the total earnings of the company to a specified minimum. If the company owning such a branch line is not able to run it and make revenue of even a specified minimum, why should it be allowed to continue in the hands of private people? If such lines are to be run at the cost of public interest, why should not they be taken over by the Government, instead of subsidising the specified minimum? I want to know how many such branch lines are in the hands of private companies receiving subsidies from the Government. I would also ask the Railway Minister to inform the House as to how long such subsidies will be continued to be given to these branch lines.

Under Demand No. 5, on account of reclassification of certain cities, a sum of Rs. 56 38 lakhs is to be paid towards increased rates of travelling allowances, night duty allowance, House Rent Allowance etc. to the employees.

Here I would refer to the problems faced by the Central Government employees living outside Madras in such places like Tambaram, which is just 17 miles away from Madras. You know, Sir, that Madras is expanding very fast and the people have to take shelter outside Madras City if they are to make both ends meet. Just because they are living outside Madras, they are not getting the same rates of allowances as their colleagues who live in Madras City get. This vicious disparity should be done with by declaring that the employees living in Tambaram also would get the same rates of allowance as others living in Madras City. This will be doing justice to the employees.

Under Demand No. 8, we find that an increased amount of Rs. 24,22,000 is to be paid as compensation for goods lost or damaged in transit. I am pained to see that the amount of compensation on this score is increasing year by year. If adequate steps had been taken to avoid the loss of goods and damage to goods in transit, the amount of compensation should naturally have come down. Instead it is going up. This can only mean that the Railways are not doing what they should. I would like to know what concrete steps have been taken to reduce the loss and damage to goods in transit.

Under Demand No. 14, there is reference to the electrification of Madras-Vijayawada section. I want to know when this work will be completed. Here, I would request the hon. Minister to consider the long standing demand of the people for electrifying the Madras-Bangalore line. You know, Sir, that Bangalore is not only the home-town of our Railway Minister but also an important industrial centre close to Madras which is a port town. There is always heavy traffic on this route. If it will take long years, at least this work can be taken

*The original speech was delivered in Tamil.

up in stages. Initially, Madras-Katpadi section can be electrified, then Katpadi-Jalarpet and lasly Jalarpet-Bangalore. This will greatly assist smooth and quick flow of traffic, both passenger and goods, between Bangalore and Madras.

Under Demand No 18, it is stated :

"No appropriation to Development Fund was proposed in the Budget Estimate, 1971-72 as no revenue surplus was anticipated. Revised estimates for 1971-72 anticipate a surplus of Rs. 9.08 crores .."

I would not have raised this point if this surplus was only a few lakhs of rupees. Here the surplus is the massive figure of Rs 9.08 crores. It is amazing that, with all the fabulously salaried financial wizards in the Railway Board, the Railway Minister could not anticipate a surplus of Rs 9 08 crores. In other words it means that the Railway Minister was forced to increase fares and freights for want of this surplus, which could have been avoided if this surplus had been foreseen I am really finding it difficult to accept the Budget proposals of the Railway Minister in this background. I would naturally entertain doubts about the proposals in the Budget because of the wrong anticipation of revenue surplus I want to know whether these officials had been asked to explain why they could not foresee such a revenue surplus of Rs. 9.08 crores.

Recently, the General Manager of Southern Railway, it seems, visited Valaja Road—Ranipettai section and expressed the view that this was an uneconomic line. He was of the view that this line could conveniently be closed. That is what the people of the area told me when I met them just a few days back. I want to point out here that in this area Parry Company is there. This unit manufactures many consumer goods which are to be transported regularly. This line is also useful for the labour to go to their work. This is not a line meant for making profit but for the convenience of labour, working class and the local people to move about. I would urge upon the Railway Minister that this line should not be closed. I would like to suggest that in order to make this line economic this line can be extended up to Thindivanam *via* Arcot, Cheyyar, Vandavasi Alternatively, by having a line between Valaja Road to Thiruttani, a famous pilgrim centre in South, *via* Arakkonam, the so-called loss that may occur on the Valaja Road-Ranipettai line can be off-set. The traffic congestion will also be reduced considerably For the people living at Ranipettai and beyond, if they want to catch the trains running on the main lines, this is only connecting line This is more or less a life-line for them Hence I suggest that this idea about closing this Valaja Road-Ranipettai line should be dropped for ever. If it is found uneconomic, as I suggested earlier, it can be extended up to Thindivanam and there can be another line from Valaja Road to Thiruttani via Arakkonam.

With these words, I conclude.

**श्री ओंकार लाल बेरवा** (कोटा) : उपाध्यक्ष महोदय, इन सप्लीमेन्ट्री ग्रान्ट्स को देखने हुए ऐसा लगता है कि समय पर काम न होने की वजह से रुपया घटता जाता है और मांग पूरी होती जाती है। इसमें नई लाइनों का भी उल्लेख किया गया है और कुछ मीटर लाइनों को ब्राड-गेज में बदलने का भी उल्लेख किया गया है। कहीं पर नये टुकडे बनाने का उल्लेख है, कहीं पर पुलिया बनाने का उल्लेख है, लेकिन ये ऐसी जगहें है जहां पर डण्डे के जोर से मांगे बनवाई जाती हैं और उन्हीं जगहों के लिये हर साल हमें देखने को मिलता है सप्लीमेन्ट्री ग्रान्ट्स में भी उन्हीं को देखते हैं और जनरल रेल बजट में भी उन्हीं को देखते है। लेकिन राजस्थान की ओर इनका ध्यान बिल्कुल नहीं जाता है।

राजस्थान मे ऐसी-ऐसी जगहें है, जैसे दिल्ली से अहमदाबाद मीटर गेज लाइन है। उसके बारे में पहले अखबारों मे पढ़ा था कि उसको ब्राड-गेज मे बदला जा रहा है, लेकिन अब उसकी तरफ आंख मूंद कर बैठे हुए है। मैं आपको बतलाना चाहता हूं कि यदि इस लाइन को बदल दिया जाय तो इसका महत्व बहुत ज्यादा बढ सकता है, सवाई माधोपुर से जयपुर का जो पश्चिमी टुकड़ा है, उसको मेन लाइन से जोड़ा जा सकता है। उपाध्यक्ष महोदय, जिस वक्त अकाल पड़ा था, अनाज के भरे हुए डिब्बे सवाई माधोपुर पर रुक पड़े थे, उनको

[श्री ओंकार लाल बेरवा]

जयपुर तक ले जाने मे 15 दिन और महीना भर लग जाता था। मैं जानना चाहता हूं कि क्या कारण है कि सवाई माधोपुर से जयपुर के टुकडे को नही बदला जाता, अगर उसको बदल दिया जाय तो वहा पर लोको-शेड इतना बडा है कि वहा पर डिब्बे आसानी से रुक सकते हैं। लेकिन इसकी तरफ बिलकुल ध्यान नही दिया जाता है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हू कि टोडा से रायसिंह एक छोटा सा टुकडा है जिसके लिए इन्होंने लिखा था कि हमने एक सर्वे कमेटी बिठाई है और उसका सर्वे कराया है। उसमे टोडा रायसिंह से कोटा ले जायेंगे टोंक होते हुए और न मालूम कौन कौन सी जगहें हैं, मेरी समझ मे नही आता कि किसी इजीनियर का दिमाग खराब हो गया है या सर्वे कमेटी वालो का खराब हो गया है या पता नही क्या हो गया है ? टोडा रायसिंह किधर हैं और कोटा, बूदी, अजमेर किधर है ? मेवाड से टोक तक का छोटा टुकड़ा तक नही बनाया। जो छोटे-छोटे टुकडे हैं जैसे झालावाड़ से झालावाड़ रोड सात मील का टुकड़ा है उसका आर्थिक विकास इस कारण से रुका हुआ है क्योंकि वहां पर रेलवे लाइन नही है। बूंदी मे सीमेन्ट फैक्टरी इसलिए हटा दी गई क्योंकि वहां पर आयात-निर्यात के लिए कोई साधन नही है। बिडला की फैक्टरी बयावर मे जाकर लगी। बूंदी के लिए हम कहते हैं तो कहते हैं नाट प्राफिटेबिल। अब हम प्राफिट करके कैसे दिखलायें जबकि बच्चा पैदा हुआ नहीं और उसका नाम पहले ही रख दिया गया। ये तो प्राफिट कहकर सारे मसले को पहले ही खत्म कर देते हैं। हम कहते हैं चित्तौड़गढ तक मत बनाओ, आप पूरी लाइन मत बदलो, यह जो नब्बे पाउंड की जो लाइन है, उसको जो तोड़ा गया है जिसको हाई स्पीड के द्वारा चलाया जायेगा उसी को बदल दो। डिब्बे बदलने की बात भी कही गई है और उसके लिए रकम भी रखी गई है। यार्ड को चौडा करने के लिए कहा गया है। कोटा-बीना लाइन पर इतने दिनों से लडते लडते 15 साल में चार से 6 डिब्बे करवाए। मैं निवेदन करता हूं, बोर्ड के मेम्बर्स यहां बैठे हुए हैं, उसमें भेड़-बकरी की तरह लोग भरते हैं। केवल दो गाडियां है--एक सुबह जाती है और एक शाम को आती है। उसी से सारा काम चलता है। आज इस देश की जनसख्या 30 करोड़ से बढ़कर 55 करोड़ हो गई है, इसी को देखते हुए आप कम से कम 8 डिब्बे तो उसमे लगा दो। लेकिन उसकी तरफ कोई ध्यान ही नही दिया जाता। दूसरी बात यह है कि फर्स्ट सेकेन्ड क्लास के डिब्बे चलाये लेकिन वह भी बन्द पड़े हैं। एक फर्स्ट क्लास का चलता है एक आर०सी० गद्दी वगैरह उसमें कुछ भी नही है, कोई उखाड़ ले जाता है और कोई अटेन्डेन्ट भी नही है। दो सीट्स लगती हैं, एक ऊपर और एक नीचे और उसका नाम फर्स्ट क्लास रख दिया। मेरी समझ में नही आता कि ये करते क्या हैं ? पता नहीं इनके आर्डर किताब में ही रह जाते हैं या आगे भी बढ़ते हैं ?

अभी-अभी राष्ट्रपति का एक आर्डर था कि सभी सर्वेन्ट्स को होली से पहले तनख्वाह दे दी जाये। हमारे यहां लक्ष्मी वर्कशाप है जहां तीन हजार मजदूर हैं वे चिल्ला रहे थे कि हमको एडवान्स ही दे दो तो कहते हैं यूनियन वालों ने, दो तीन आदमियो ने लिखकर दे दिया और हेड आफिस से तनख्वाह ले ली। जिन्होंने लिखकर दे दिया उन्होंने तनख्वाह ले ली। हमारे जग साहब हैं वह जंग के लिए तैयार हो गए। हमने बालिगा साहब और बेरी साहब को लिखा तो कहा गया कि आर्डर तो है लेकिन हम क्या बतायें, हम अपने जनरल मैनेजर कौल साहब से बातचीत कर रहे हैं। मैं उनसे मिला मीटिंग में तो कहा कि आर्डर कर दिया है लेकिन वह रास्ते में मथुरा मे रतलाम में कहीं रुक गया या फिर क्या हो गया। फिर जब

आर्डर दिया तो मोहर्रम निकल चुका था। फिर जब होली के एडवांस के लिए नोटिस बोर्ड पर आर्डर लगा तो उसमें एक लिट यह भी लगा दी कि जिन्होंने दीवाली पर ले लिया है उनको होली पर नहीं मिलेगा। उनकी तनख्वाह मौजूद है फिर भी उनको एडवान्स न मिले यह कितनी बुरी स्थिति है। इस तरह से राष्ट्रपति के आर्डर की अवहेलना की गई, बोर्ड के आर्डर की अवहेलना की गई और जनरल मैनेजर के आर्डर की अवहेलना की गई। इस तरह से शासन कैसे चल सकता है। मजदूरों को परेशान करके इस तरह से काम चलने वाला नहीं है। इसलिये मैं आपसे निवेदन करता हूं कि अगर बोर्ड को फुल पावर्स हैं तो बोर्ड डायरेक्ट पावर्स उनको दे।

13 करोड़ रुपये का घाटा दिखाया गया था कि माल डिब्बों का भुगतान किया है, वैगन्स के चार्जेज दिए हैं लेकिन उसमें भी हमने देखा कि ऊपर से लेकर नीचे तक खाली डिब्बे हैं जिस पर लेबिल लगा दिया, सबके दस्तखत मौजूद हैं और उसका भुगतान रेलवे ने किया है। मैंने पहले भी कहा था कि इस तरह से कोयले के चालीस रेलवे वैगन्स का भुगतान आगरा में किया गया है लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। क्या नीचे से लेकर ऊपर तक सभी मिले हुए हैं ? जहां तक विजिलेन्स की बात है, एक विजिलेन्स इंसपेक्टर खन्ना कोटा से रिपोर्ट भेजता है कि एक ट्राली ऐसी चल रही है कि जिसके नाम से बट चल रही है वह रतलाम में चपरासी है। थामस साहब बैठे हैं वह कहते हैं इंक्वायरी करके देख लिया, यह गलत है, कम से कम 50 इक्वायरी ऐसी भेजी गई और मैं कहता हूं कि इनमें से कोई भी मेरे साथ चले तो मैं दिखला दूं कि देखो यह ट्राली चल रही है और इसके मालिक की यह नौकरी चल रही है। समझ में नहीं आता क्या इसमें मिलीभुगत साठ-गांठ है, क्या रुपये में दो चार आने का शेयर बटा हुआ है ? शायद इसीलिए जांच नहीं की जाती है।

तीसरी बात यह है कि जांच कमेटी यहां से लिखकर भेजती है कि इस इंस्पेक्टर को हटा दो। अगर वह जांच करके भेजता है तो उस पर गौर किया जाये और देखा जाये कि सच है या गलत।

इसी तरह से एक मामला और है। लिखते हैं भरतपुर, कोटा और श्यामगढ़ से केटरिंग हटा दी जाये, रेफ्रेशमेन्ट हटा दिया जाये उसकी जगह पर डिपार्टमेंटल होगा। अब मैं कहना चाहता हूं कि रेलवे तो पहले से ही बहुत बदनाम है। क्या कहीं पर भी अच्छा खाना, अच्छी चाय और अच्छा दूध मिलता है ? फिर भी आप कहते हैं कि उसको हटाकर रेलवे करे। क्या रेलवे के पास यही रह गया है ? ठीक है, उनको हटा दीजिये लेकिन उन्हीं आदमियों को क्यों न रख लीजिए क्योंकि वे जो कर्मचारी हैं वे बेकार हो जायेंगे, उनकी जिम्मेदारी किस पर होगी ? फिर अभी तक जो सर्विस आप कर रहे हैं वही कौन सी खुशनुमा सर्विस है। कोटा में जो खाना मिलता है या जो और जगह रेफ्रेशमेंट मिलता है उसको देख लिया जाये। ठेकेदार फिर भी कुछ डरकर काम करेगा लेकिन इन्होंने कह दिया कि पहले इनको हटा दिया जाये। मैं आपको बताऊं कि अभी अजमेर में इन्होंने तीजूमल को एक-एक हजार रुपये माल में दो रेफ्रेशमेंट के स्टाल दिए स्टेशन पर जबकि लोग दस-दस हजार रुपया साल में देने के लिए तैयार हैं। मैं कहता हूं आप उनको कैंसिल कीजिये, मैं दस-दस हजार पर दिलवाता हूं। लेकिन ऐसी बातों पर इनका कोई ध्यान ही नहीं जाता है।

मुझे आर०यू०सी०सी० से हटे हुए दो साल हो गए लेकिन मैंने नहीं देखा कि कौन से प्लेटफार्म पर सीमेन्ट कांक्रीट कर दिया और कहां पर बिजली लगा दी। इतने बजट रखे गए लेकिन कौन-सा काम किया गया ? राजस्थान की तरफ तो इनका कोई ध्यान नहीं है। कोटा के यार्ड के पास एक पुलिया के लिए टेम्पोरेरी 50 हजार की मंजूरी दी थी लेकिन वह आज तक नहीं बनी। मंजूरी के बाद 6 साल बीत

[श्री ओंकार लाल बेरवा]

गये तो वह रुपया कहां चला गया। ये स्कूल के लिये लिखते हैं लेकिन पांचवीं, सातवीं और मिडिल तक स्कूल नहीं हुआ, हायर सेकेन्ड्री के लिये गंगानगर मर मिट रहा है लेकिन उसका नाम तक नहीं। क्या यह सारा चक्कर राजस्थान पर ही आ गया है। मजा उठायें दूसरे लोग और मरने के लिए राजस्थान के आदमी। इन्दिरा जी कहती हैं कि गरीबी मिट रही है। यह गरीबी मिट नहीं रही है बल्कि गरीबी डट रही है। इस तरह से गरीबी जाने वाली नहीं है। एक कम्पाउन्ड वाल इन्होंने बनाई तो वह सोफिया स्कूल के पास जिसमें कि बड़े-बड़े आदमियों के लड़के पढ़ते हैं। मैंने कहा कि रेलवे यार्ड के साथ साथ हजारों कर्मचारी रहते है वहां पर कोयला वैगनों से उतारा जाता है जिसमें उन लोगों के आंखों का और कपड़ों का बुरा हाल होता है। धूल घरों में जाती है लेकिन वहां पर कम्पाउन्ट वाल नहीं। कम्पाउन्ड वाल जाकर बनी सोफिया स्कूल में।

इसी तरह से आप देखिए कि जनरल मैनेजर दौरा तब करते हैं जबकि पार्लियामेंट का सेशन चल रहा होता है। चोरी से आते हैं और चोरी से चले जाते है। नन्दा जी के समय का आर्डर है कि जब पार्लियामेंट का सेशन चल रहा हो तो तब कोई दौरे पर न जाये, तब इंस्पेक्शन के लिए जनरल मैनेजर न जाये क्योंकि तब वहां लाइन पर कुछ कहने के लिये मिलेगा ही कौन। तो यह बात बन्द होनी चाहिये। जब सेशन चल रहा हो तब जनरल मैनेजर इंस्पेक्शन के लिए न जायें। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इन बातों पर ध्यान दिया जाये। धन्यवाद।

श्री शिवनाथ सिंह (झुंझुनू) : उपाध्यक्ष जी, इस अवसर पर मैं दो तीन बातों की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं। मेरा पहला निवेदन यह है कि हमारे रेल मन्त्रालय को सोचना चाहिए कि हमारे रेलवे एडमिनिस्ट्रेशन के सिस्टम को बदला जाये। आज भी वे उसी तरह से चल रहे हैं जैसे कि 19वीं शताब्दी हो। आज हम एक वेलफेयर स्टेट में रह रहे हैं और रेलवे एक पब्लिक यूटिलिटी की चीज है।

मैं पार्लियामेंट का मेम्बर हूं, जब मैं अपने क्षेत्र में जाता हूं तब मुझको दिक्कतें आती हैं। मैं जब मिनिस्टर साहब के सामने इन चीजों को रखता हूं, चाहे मिनिस्टर के सामने रखूं, चाहे रेलवे बोर्ड के सामने रखूं, उन से एक ही रटा हुआ जवाब मिलता है कि यह फीजिबल नहीं है, यह पासिबल नहीं है। कहीं डब्बे नहीं मिलते हैं कहीं उसकी कपेसिटी नहीं होती है। मैं मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि वह अपने दिमाग में थोड़ा परिवर्तन लायें। आज तो रेलवे बोर्ड में काम करने की एक सेट लाइन है। अगर नीचे से किसी अफसर को हमने राजी कर लिया और उसका कोई प्रपोजल आ गया तो वह मंजूर हो जाता है, लेकिन अगर पब्लिक की तरफ से कोई डिमाड आती है तो वह मंजूर नहीं होती है। इसलिये इसमें थोड़ा परिवर्तन आना चाहिये। पब्लिक के रिप्रेजेन्टेटिव जो डिमाड करते है उसके बारे में उनको सेटिस्फेक्शन होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता तो फिर हम लोग ठीक से अपना काम नहीं कर सकते।

आज हम रेलवे में जो विकास देख रहे हैं वह नार्थ और साउथ के दो ब्लाक्स में बट गया है। मैं कोई आक्षेप नहीं करना चाहता, लेकिन इतना निवेदन जरूर करना चाहूंगा कि नार्थ का जो हिस्सा है वह नेगलेक्ट हो रहा है। जितना भी खर्च होता है वह साउथ के लिए हो रहा है, चाहे वह किसी भी वजह से हो। हमारे रेलवे मंत्री साउथ के हैं। हमें खुशी है कि वहां डेवेलपमेंट हो रहा है, और होना भी चाहिये, लेकिन राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के हिस्से एक तरह से नेगलेक्टेड एरियाज हैं, जहां पर कोई भी रुपया खर्च नहीं किया जा रहा है। राजस्थान इतना बड़ा प्रदेश है, वहां मिनरल्स का डेवेलपमेंट हो रहा है, कीमेंट फैक्ट्री

उत्पादन होने जा रहा है, लेकिन वहां के लिए कोई भी बड़ी लाइन नहीं मिल रही है। हमारे यहां डापर का सबसे बड़ा कारखाना बनने वाला है और दो साल में उस में प्रोडक्शन शुरू होने वाला है। उसके लिये लाइन की सेंक्शन है, लेकिन काम शुरू नहीं हो रहा है। जब राजस्थान के साथ इस प्रकार से पक्षपात किया जा रहा है तब हमको एक ठेस सी लगती है। हमारे लोग हम को कोसते हैं। कहते हैं तुम हमारे प्रतिनिधि हो दिल्ली में, तुम हमारे लिए क्या करते हो? हम को उनकी बात सुन कर शर्म आती है क्योंकि हमारे पास इसका कोई जवाब नहीं है। आप पूरे राजस्थान को नेगलेक्ट कर रहे हैं। वहां पर कोई ब्राड गेज लाइन नहीं है, नई लाइनों का विकास नहीं होता, उनको खोला नहीं जाता और न गाड़ियों की ही व्यवस्था होती है। मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय इस ओर ध्यान दें। आखिर आज साउथ ही नहीं, नार्थ भी इंडिया का भाग है। उसका भी विकास होना चाहिये, वर्ना जो पिछड़े प्रदेश हैं वह और पिछड़ते जायेंगे। रेलों का विकास न होने से उनकी उन्नति भी रुकी रहेगी और पूरे हिन्दुस्तान को नुकसान होगा।

दो तीन बातें मैं और कहना चाहता हूं। उनको मैं पहले भी कह चुका हूं और आज फिर कहना चाहूंगा कि रेलवे का जो एडमिनिस्ट्रेशन है वह बहुत रिजिड टाइप से चल रहा है। मैंने पहले ही दिन कहा था कि सीकर से लोहारू तक का ऐसा टुकड़ा है जिस में दो गाड़ियां चलती थीं, लेकिन इस ट्रैक में पहले जो भी फेसिलिटीज थीं—1945 से पहले—वह अब नहीं मिल रही हैं। वहां मेल ट्रेन बन्द कर दी गई। सीकर से लोहारू तक का जो हिस्सा है, उस से बहुत ज्यादा ट्रैफिक दिल्ली, बीकानेर और कलकत्ता को जाता है। इसका खयाल किया जाना चाहिये। आज यह इतना बड़ा हिस्सा है, लेकिन सीकर से लोहारू के लिए दो गाड़ियां एक साथ चलती हैं। एक शाम को तीन बजे और दूसरी शाम को आठ बजे। बाकी बीच के टाइम में दिन भर कोई गाड़ी नहीं है। इसलिए हम ने बार-बार निवेदन किया कि एक शटल गाड़ी लोहारू से सीकर तक चले जो दिल्ली के लिए कनेक्शन दे और बीकानेर के लिए कनेक्शन दे, लेकिन यह अब तक नहीं हो पाया है।

हमारे यहां के दो हजार आदमी अहमदाबाद मिल में रहते हैं। हम ने वहां से अहमदाबाद के लिये एक डाइरेक्ट ट्रेन की मांग की थी, लेकिन हम को जवाब मिला कि ट्रेन में कपैसिटी नहीं है। मैं पूछना चाहता हूं कि आखिर यह कपैसिटी कब होगी। कहा जाता है कि जब डीजल एंजिन होगा तब होगी, लेकिन अभी आप डीजल एंजिन करने वाले नहीं हैं, इसलिए यह कपैसिटी भी नहीं होगी। इस के लिए मैं ने सुझाव दिया था कि हो सकता है तीन और चार डाउन के लिये कपैसिटी न हो, लेकिन हमारे यहां से जो दूसरी जनता गाड़ी चलती है उसमें और कोचेज का ही प्रबन्ध कर लिया जाय। लेकिन इसका कोई भी जवाब नहीं मिलता है। इस तरह की जो दिक्कतें हैं अगर एडमिनिस्ट्रेशन चाहे तो उनको दूर कर सकता है, अगर वह करना नहीं चाहता। इस प्रकार की जो व्यवस्था है अगर हम उस को नहीं सुधारेंगे तो हम लोगों को दिक्कत होगी। अब पब्लिक इस को अधिक दिनों तक बर्दाश्त नहीं करेगी। रेलवे ऐडमिनिस्ट्रेशन लोगों की बात न माने और अपनी मनमानी करता रहे तो इसको अब हम बर्दाश्त करने वाले नहीं हैं।

मैं आप से एक और निवेदन करना चाहता हूं। सीकर से दिल्ली के लिए जो डाइरेक्ट कोच आती है उसमें सिर्फ एक कोच होती है उसमें फर्स्ट क्लास का रिजर्वेशन होने के बाद मुश्किल से पन्द्रह सीटें बच पाती हैं जब कि सैकड़ों यात्री यात्रा करते हैं।

MR DEPUTY-SPEAKER : These details could be brought out during the general discussion of the Railway Budget.

श्री शिवनाथ सिंह : मैं ऐडमिनिस्ट्रेशन के लिये कह रहा हूं। हमारा ऐडमिनिस्ट्रेशन फिर

[श्री शिवनाथ सिंह]

प्रकार का है उस की मन्त्री महोदय सुधारें तभी हमारी दिक्कतें हल हो सकती है। यह मामूली सी बातें है।

एक और चीज है जो टेकनिकल बात है। हमारे यहां बिजली की व्यवस्था हो रही है। जहां रेलवे लाइन पर से बिजली क्रास करती है उसकी सैक्शन पता नहीं कहां से लेनी पड़ती है। हमारा स्टेट एलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लाइन बढ़ाता है तो सैक्शन न होने की वजह से छः-छः और बारह-बारह महीने तक लाइन बन्द रहती है। इसलिये मैं निवेदन करना चाहूँगा कि इस प्रकार की व्यवस्था की जाये कि जहां भी एलेक्ट्रिसिटी बोर्ड रेलवे लाइन के ऊपर से बिजली की लाइन ले जाना चाहे वह ले जा सके। अगर पूरे प्रिकाशन ले लिये जाये तो चेअरमैन से या और किसी से सैक्शन लेने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए क्योंकि आज काश्तकारों को बड़ी दिक्कत आ रही है। इस लिये इस तरह की व्यवस्था हो जाती चाहिए कि प्रेस्क्राइब्ड प्रिकाशन लेने के बाद बिजली की लाइन क्रास कर सकती है।

इस प्रकार की कितनी ही दिक्कतें हैं जिन की तरफ यदि हम ध्यान दें तो बिना किसी अतिरिक्त खर्चे के, ऐडीशनल एक्सपेन्डिचर के वह दूर हो सकती हैं।

इन शब्दों के साथ मैं मन्त्री महोदय से निवेदन करना चाहूंगा कि ऐडमिनिस्ट्रेशन थोड़ा सा दिमाग को चेन्ज करे, यह वेलफेयर स्टेट है इस तरह का माइंड उसका होना चाहिए और पब्लिक के जो ग्रीवान्सेज हैं उनकी ओर वह सिम्पैथेटिकली देखें ताकि लोगों को राहत मिल सके।

श्री रामकंवर (टोंक) : उपाध्यक्ष महोदय, मैंने आपके माध्यम से गत लोक सभा में भी मन्त्री महोदय से कहा था कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में चार पांच रेलवे लाइनों का सर्वे हो रहा है। मैंने मन्त्री महोदय से उनके बारे में काफी लिखा पढ़ी भी की और यहां लोक सभा में भी बोला। मेरा कोई लम्बा भाषण नहीं होता है ताकि उनको खास तौर से किसी बात की पहचान न हो।

पहली बात यह है कि दिल्ली से अहमदाबाद जाने वाली जो गाड़ी है उसमें तीसरे दर्जे के यात्रियों को बड़ी कठिनाई होती है। हमने उस में कुछ डिब्बे बढ़ाने की बात कही थी, लेकिन वह आज तक पूरा नहीं किया जा सका है। दूसरी बात अहमदाबाद वाली लाइन को छोटी लाइन से बड़ी लाइन करने की बात थी। अगर इसको कर दिया जाय तो बड़ा अच्छा होगा।

**15.57 hrs.**

[SHRI K. N. TIWARY *in the Chair.*]

जयपुर से टोडारायपुर लाइन जो है वह घाटे में जा रही है। मैं मानता हूं कि अगर इसको कोटा से मिला दिया जाये तो वह घाटा पूरा हो सकता है। पहले वहां से दो गाड़ियां चलती थी, एक सुबह और एक शाम। लेकिन अब एक ही गाड़ी जाती है। वह जयपुर से सुबह रवाना होती है और शाम को वापस जाती है। इसलिए यात्रियों को उस गाड़ी में बड़ी कठिनाई होती है। अगर एक ही गाड़ी चलानी हो तो वह सुबह टोडारायपुर से चल कर शाम को जयपुर जाना चाहिए ताकि कोई भी आदमी अच्छी तरह से काम कर के शाम को घर आ सके।

खास तौर से मेरे निर्वाचन क्षेत्र टोंक में पांच लाख की आबादी है। वहां आज तक रेलवे का अभाव है। जब श्री जगजीवन राम रेलवे मन्त्री थे तब वह सरदार पटेल की मूर्ति की स्थापना करने टोंक आये थे। उन्होंने दस साल पहले आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक वह चालिस मील का टुकड़ा नहीं बन पाया है। इसके कारण वहां की जनता की बहुत दुर्दशा हो रही है क्योंकि करीब डेढ़ करोड़ से

रोडवेज बन्द है और वहां के लोगों को बड़ी कठिनाई है। हमारे मंत्री महोदय ध्यान नहीं दे रहे हैं कि वहां की समस्या को हल किया जाये।

कोटा से अजमेर जाने वाली गाड़ी मेरे निर्वाचन क्षेत्र से होती हुई देवली टोंक को जोड़ सकती है। काफी दिन पहले उसका सर्वे भी हो चुका है, उसमें मिट्टी वगैरह डल चुकी है। मैं समझता हूं कि उसको जरूर चालू करना चाहिये और मेरे निर्वाचन क्षेत्र की समस्या की ओर ध्यान दिया जाना चाहिए। इस पिछले चुनाव के पहले तो वहां से विरोधी पक्ष के मेम्बर चुनकर आ जाया करते थे। उनसे यह कहा जाता था राजस्थान के लीडरों के द्वारा कि जिनको तुमने वोट दिया है वह ही तुम्हारे लिये रेलवे लाइन लायेंगे।

लेकिन इस बार वहां से कांग्रेस बहुमत में विजयी हुई है। अब अगर उस इलाके की तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो इसका सारा दोष, सारा आक्षेप कांग्रेस पर होगा। तब लोग आगे के लिये सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि वहां पर किसको वोट दिया जाय। तब कांग्रेस को वहां से वोट मिलने की उम्मीद कम हो जायेगी। इस वास्ते मैं चाहता हूं कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र टोंक की तरफ जल्दी से जल्दी ध्यान दिया जाये। इस बजट में वहां के लिये कोई प्रावधान नहीं रखा गया है, इसका मुझे बड़ा भारी अफसोस है। मैं चाहता हूं कि मन्त्री महोदय खास तौर से टोंक की तरफ विशेष ध्यान देकर टोंक को रेलवे लाइन द्वारा जरूर जोड़ दें। इस वक्त वहां के लोगों को बड़ी भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। रोडवेज की वहां कोई उचित व्यवस्था नहीं है। जनता जहां की तहां पड़ी हुई है और इधर उधर आ जा नहीं सकती है। मैं आशा करता हूं कि इस ओर अवश्य ध्यान दिया जायेगा।

16.00 hrs.

श्री सूरजचन्द डागा (पाली) : सौ बार दरवाजा खटखटाया जाए तो कभी न कभी शैतान बाहर आएगा ही। एक बात मैं कहना चाहता हूं। बीसियों बार मैंने इसको यहां कहा होगा कि सारे राजस्थान को अपने नार्दन रेलवे के अन्दर रख छोड़ा है। नार्दन रेलवे में ज्यादा तर भाग राजस्थान का ही है। लेकिन आपका जो पब्लिक सर्विस कमिशन है, उसको आपने यू० पी० में बैठा रखा है, वहां उसको स्थापित कर रखा गया है। क्या यह आपने इसलिये किया है ताकि राजस्थान का पढ़ा लिखा आदमी रेलवे में नौकरी न कर सके। क्या इसको आपने वहां इसलिये रख छोड़ा है ताकि राजस्थान का आदमी रेलवे में नौकरी करके सेवा करने का मौका प्राप्त न कर सके। मैं जानना चाहता हूं कि क्या यह समाजवादी नीतियों के अनुरूप है।

